हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

12 अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्ति के ...

12 कलेक्टर ने की खरीफ सीजन की तैयारियों और कृषि...




# राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों की होती है अहम भूमिका : किरण देव

## 476 श्रमिकों को सिलाई मशीन,सहायता राशि, औजार किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

श्रमिक दिवस पर गुरुवार को शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। विधायक देव ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की बधाई देते कहा कि आप सभी का राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका होती है आप सभी श्रमिक भाईयों ,माता, बहनों से निवेदन है केंद्र सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार के श्रमिकों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें। आप सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कई कल्याणकारी योजनाओं को आप श्रमिकों के लिए बनाया है।

विधायक ने कहा कि संजय बाजार में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत हमारे श्रमिकों के लिए 5 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था लागू किया है। जिसे जल्द प्रांरभ किया जायेगा। हमारी सरकार की मंशा है हमारे श्रमिक भूखा ना रहे। केंद्र सरकार की योजना के अलावा छत्तीसगढ़ शासन ने योजनाओं में मुख्यमंत्री सियान जतन योजना, मुख्यमंत्री निमार्ण श्रमिक मृत्यु व दिव्याग सहायता योजना, मुख्यमंत्री महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा उपकरण योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन योजना ▶▶|शेष पेज 12 पर






### श्रमिकों को दिए औजार किट

कार्यक्रम में 476 श्रमिकों को शासन के योजनाओं के तहत सिलाई मशीन, सहायता राशि, औजार किट का वितरण किया गया। वहीं श्रमिक कल्याण संघ के द्वारा विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया गया। संघ के द्वारा श्रमिकों के लिए शहर में सामुदायिक भवन व अन्य मांगों को रखा। जिस पर विधायक ने जल्द भवन निर्माण की बात कही।

## तेन्दूपत्ता : सभी 15-16 फड़ में तेन्दूपत्ता की हो रही खरीदी

# मजदूर दिवस पर तेंदूपत्ता फड़ में दिखे नाबालिग मौसम खुलने से खरीदी कार्य किया गया शुरू

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर स्थित जगदलपुर तहसील के माड़पाल फड़ में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मैदान में तेन्दूपत्ता बन्डल कतार में लगा रही थी। उनके साथ छोटे छोटे बच्चे भी आए हुए थे जो उनके काम में सहयोग कर रहे थे। आज 1 मई मजदूर दिवस है। जहां नाबालिग भी नजर आए श्रम नियम में स्पष्ट है कि छोटे बच्चों को काम में लगाना अपराध है लेकिन तेन्दूपत्ता फड़ माड़पाल में कई बच्चे अपने परिवार के साथ पहुंचे थे और काम में लगे थे।

अलग खबर

एक बालिका ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि स्कूल छूटटी हो गया है इसलिए मां बहनों के साथ तेन्दूपत्ता तोड़ने जा रहे है। गुरुवार को तेन्दूपत्ता फड़ का जायजा लेने पर मैदान में पहले खरिदे हुए सूख चुके और तोड़ कर लाए हुए नए पत्ते भी दिख रहे थे। फड़ मुंशी रैमती ने बताया कि कुरंदी समिति के अन्तर्गत 15-16 गांव के फड़ों में तेन्दूपत्ता की खरीदी हो रही है। आज मौसम खुलने से बड़ी संख्या में महिलाएं आकर तेन्दूपत्ता बेच रही है। उनके द्वारा लाए गए तेन्दूपत्ता के बन्डल को गिनती कर उनके कार्ड में लिखा जाएगा। तेन्दूपत्ता की राशि उनके खाते में जाएगी। उन्होंने बताया कि 100 गडडी का 550 रुपए का दर निर्धारित है। कुरंदी समिति को 1 लाख का लक्ष्य मिला हुआ है। सभी 15-16 फड़ में तेन्दूपत्ता की खरीदी हो रही है।



### ममता और तिलोतमा के साथ बालिकाएं भी नजर आई

माड़पाल गांव की ममता और तिलोतमा ने बताया कि 2-3 दिन पहले भी यहां तेन्दूपत्ता दिए थे। बारिश और हवा पानी चलने से खरीदी बंद था। आज खरीदी फिर से शुरू किया गया है। इसलिए तेन्दूपत्ता बेचने आए है। साथ में छोटे बच्चे के काम करने पर कहा कि स्कूल छुटटी हो गया है घर बैठ कर क्या करेंगे। इसलिए अपने साथ लेकर आए है।

### पारिश्रमिक कार्ड में दर्ज है सभी जानकारी

फड़ में तेन्दुपत्ता लेकर आने वाले सभी ग्रामीणों के पास एक कार्ड है। तिलोतमा नाग को तेन्दुपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक कार्ड मिला हुआ है। जिसे प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति कुरंदी के प्रबंधक निलेश बघेल ने जारी किया है। इस कार्ड में गांव का नाम आधार कार्ड राशन कार्ड और बैंक खाता, बैंक का नाम यहां तक की आईएफएससी कोड भी है। ताकी राशि सीधे कार्डधारी के बैंक खाते में पहुंच जाए।

### ग्रामीणों के लिए तेन्दूपत्ता आय का जरिया

माड़पाल के सरपंच महादेव बाकडे ने बताया कि हर साल यहां के ग्रामीण समीप के जंगल से तेन्दूपत्ता तोड़कर बेचते है और इससे उनके घर की जरूरते पूरी होती है। बस्तर के ग्रामीणों के आय का जरिया तेन्दुपत्ता के साथ जंगल के सभी वनोपज है इसलिए ग्रामीणों को समझाते है कि जंगल की सुरक्षा जरूरी है। वन है तो जीवन है यह बात ग्रामीणों को बताने की कोशिश हम लोग भी करते है। ग्रामीणों को भी मालूम है कि जंगल से हर साल सीजन में सभी तरह के वनोपज से वे अच्छी खासी कमाई कर लेते हैं।

# नक्सल हिंसा से अपनों को खोने और शारीरिक यातनाएं झेलने वालों ने बताई आपबीती



- बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री
- नक्सल पीड़ितों ने नक्सल उन्मूलन अभियान को आगे बढ़ाने का किया अनुरोध

बीजापुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में बस्तर अंचल से आए नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में सुकमा, बीजापुर, कांकेर सहित बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के वे नक्सल हिंसा पीड़ित शामिल थे, जिन्होंने विगत वर्षों में नक्सली हिंसा के कारण अपनों को खोया है। शारीरिक यातनाएँ झेली हैं अथवा विस्थापन का दंश सहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर के हजारों परिवार चार दशकों से माओवादी आतंक की विभीषिका का सामना कर रहे हैं, जिसने क्षेत्र की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बुनियाद को गहरा नुकसान पहुँचाया है। हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और सरकार की समावेशी विकास की नीति से बस्तर में शांति और विकास की आशा फिर से जगी है। ग्रामीणों ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों को इस नई जागरूकता और विश्वास का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### चित्रांश जयंती पर शोभायात्रा व बाइक रैली



जगदलपुर। गुरूवार को कायस्थ समाज के पदाधिकारियो ने स्थानीय चित्रांश भवन सिविल लाइन लालबाग में प्रेसवार्ता आयोजित किया। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर के कायस्थ परिवार भी उपस्थित रहे। यह जानकारी कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव ने चित्रांश भवन ने दी। उन्होंने बताया 4 मई को प्रातः 9 बजे भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक, श्रृंगार, पूजन व आरती किया जाएगा। पश्चात दोपहर 2 बजे से बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता,महिलाओं के चम्मच नींबू दौड़ प्रतियोगिता, बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न होगी। दोपहर 3 बजे चित्रगुप्त का वैदिक मंत्र उपचार के साथ हवन व आरती होगा संध्या 4 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा स्कूटी बाइक के माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गो में निकाली जावेगी। प्रेसवार्ता में सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा, क्षत्रिय महासभा के सचिव कैलाश चौहान,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैलवाला श्रीवास्तव,गीता श्रीवास्तव के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष सुदामा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### भागवत महापुराण सप्ताह का शुभारंभ होगा 4 से

जगदलपुर। कथावाचक गीता गोस्वामी प्रयागराज राजिम से शहर आकर 4 मई से 12 मई तक श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शहर वासियों को धार्मिक कथाएं सुनाएगी। बोधघाट कालोनी में प्रतिदिन 3 से 7 बजे तक कथा प्रसंग अलग अलग होगा। आयोजकों ने जानकारी दी है कि पहले दिन 4 मई को कलश यात्रा भागवत स्थापना नारद भक्ति संवाद और गौकर्ण कथा की प्रस्तुति होगी। वहीं अंतिम दिन 12 मई को गीता पाठ, हवन पूर्ण पश्चात महाप्रसादी भक्तों को दी जाएगी।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील जगदलपुर के विजय वार्ड डोकरीघाट पारा निवासी निर्मलेश पानीग्राही की मृत्यु पानी में डूबने से भाई योगेश पानीग्राही को और तहसील बास्तानार ग्राम बड़े किलेपाल (कोलुपारा) निवासी कुमारी कर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लच्छु को ग्राम पालानार निवासी हिड़में की मृत्यु सांप डसने से पुत्र सपे पोयाम को सहायता राशि दी जाएगी। तहसील तोकापाल ग्राम बड़े पाराकोट निवासी मानसाय बघेल की मृत्यु आग में जलने से भाई माहंगू को और ग्राम बड़ेमोरठपाल निवासी किरन की मृत्यु सांप डसने से पिता बोटी को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### प्रधानमंत्री आवास सर्वे का काम होगा 15 तक

जगदलपुर। बस्तर के गांव गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का कार्य का सर्वेक्षण चल रहा है। यह कार्य 30 अप्रैल तक किया जाना था लेकिन कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न होने पाए इसलिए 15 मई तक सर्वे होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को निर्देश दिए है कि योजना के दायरे में आने वाला कोई भी हितग्राही बाहर न होने पाए इसलिए सर्वेक्षण के कार्या की निगरानी रखते हुए फील्ड में कार्य करने वालेको निर्देशित करें।

# धरमपुरा के राकसमुंडा तालाब की जांच के लिए बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कंगोली स्थित राकसमुण्डा एवं उसके आसपास स्थल पर शासकीय भूमि में हो रहे अतिक्रमण की जांच हेतु तहसीलदार ने चार सदस्यों की टीम बनाई है। जिसमें शत्रुघ्न बघेल राजस्व निरीक्षक सहित 3 पटवारी टी. पी. पांडेय, बुधराम पोर्ते एवं राजेश्वरी यादव की ड्यूटी लगाई गई है। जो सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन तहसील कार्यालय मे प्रस्तुत करेंगे। नगर निगम में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा अतिक्रमण जांच दल तहसीलदार ने नियुक्त किया है जांच टीम का उद्देश्य सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की पहचान करना, अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजना और उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए प्रेरित करना एवं यदि अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो कानूनी कार्रवाई करना है। उन्होंने कहा जगदलपुर में अतिक्रमण एक गंभीर समस्या है। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की कई शिकायते प्राप्त होती रहती है। राकसमुंडा तालाब किसी व्यक्ति द्वारा सरकारी तालाब पर अवैध रूप से कब्जा होने की बात वार्ड ▶▶|शेष पेज 12 पर



# दस साल के मासूम की जंगल में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हत्या या हादसा पुलिस कर रही जांच
- दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम ककालगुर का मामला
- बच्चे के गले में निशान, कई संदेहियों से हो रही पूछताछ

दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम ककालगुर में दो दिन पूर्व मिले दस साल के मासूम के मौत की गुत्थी पुलिस सुलझाने में लगी है। बच्चे के गले में चोट का निशान भी मिला है जिससे उसकी हत्या की आशंका हो रही है। पुलिस को पीएम व एपएसएल रिपोर्ट का इतंजार है जल्द ही मामले का खुलासा होने की संभावना है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को बच्चे का शव मिला था मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मामले में कुछ संदेहियो व बच्चे के साथ आखरी समय में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक ककालगुर गांव निवासी 10 साल के सुखलाल पिता बोटी मंगलवार की सुबह अपने घर से खेलने के नाम पर निकला था। इसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटने ▶▶|शेष पेज 12 पर

# विद्यार्थियों की प्रतिभा को विकसित करता है समर कैंप : महापौर

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नई उड़ान संस्था द्वारा गुरुवार को समर कैंप का शुभारंभ शहर के जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस मौके पर महापौर संजय पाण्डे ने कहा प्रतिभा को निखारने का अवसर होता है समर कैंप। गर्मी की छुट्टियों में इस प्रकार के समर कैंप के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा सामने आती है। गर्मी की छुट्टियों में मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान व संस्कारों को विकसित करने का मंच है समर कैंप। पढ़ाई का मतलब किताबी ज्ञान ही नहीं ▶▶|शेष पेज 12 पर



### 4 से 18 वर्ष के भाग ले सकते हैं बच्चे

शिविर प्रभारी भूमिका निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चे इस शिविर में भाग ले सकते हैं। समर कैंप में प्रतिभागियों को विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें योगा की प्रशिक्षक गायत्री बड़कस, ड्रामा के प्रशिक्षक धीरज कुमार कश्यप एवं भूमिका निषाद, डांस की प्रशिक्षक वृद्धि पिल्ले, आर्ट एवं क्राफ्ट की प्रशिक्षक शिवानी राव, मेहंदी कला-गजाला कपूर, गीत-संगीत के प्रशिक्षक रतन व्यास एवं स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण गुंजन नथानी द्वारा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कई अन्य विधाओं में भी बच्चों को दक्ष बनाया जाएगा।

## दंतेवाड़ा जिले के पाहुरनार से हांदावाड़ा तक बिछायी 10 केवी लाइन और लगाए 5 ट्रांसफार्मर

# नक्सल प्रभावित ग्राम हांदावाड़ा के घर बिजली से हुए रोशन, रात में भी पढ़ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले अंतर्गत ओरछा ब्लॉक के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ग्राम हांदावाड़ा में पहुंचकर विद्युत कंपनी ने घरों को रोशन किया। इस गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए दंतेवाड़ा जिले के पाहुरनार से 10 किमी लाइन बिछायी और 5 ट्रांसफार्मर लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली से गांव के बच्चे अब रात में भी पढ़ सकेंगे।

जानकारी के अनुसार राज्य के लिए 7 जनजाति अबुझमाड़िया, बैगा, भारिया पहाड़ी कोरवा, कमार, शहरिया एवं बिरहोर जाति बाहुल्य ग्रामों के विद्युतीकरण के लिए चयनित किया गया है। जिसमें नारायणपुर जिले अंतर्गत ओरछा ब्लाक के गांव हांदावाड़ा भी सम्मिलित है। ग्राम हांदावाड़ा में पांच मजराटोला है, जिसमें अंदरूनी गतिविधियों के कारण पटेलपारा को छोड़कर चार पारों का विद्युतीकरण कर 78 रहवासियों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय कर चार्ज किया गया है। इससे ग्रामीणों के घर रोशन हुए, जिससे लोगों के चेहरे खिल उठे। हालांकि पूर्व में इस गांव को सोलर सिस्टम से चार्ज किया गया था, लेकिन परंपरागत तरीके से विद्युतीकृत बिजली की बात ही अलग होती है। वहां के रहवासी खेती एवं अन्य कार्य के विद्युत पंप कनेक्शन ले सकते हैं, टीवी आदि अत्याधुनिक संचार सिस्टम से जुड़ कर देश-विदेश की खबरों से वाकिफ हो सकते हैं। पहाड़ी गांव होने के कारण हांदावाड़ा गांव की विद्युत विस्तार दंतेवाड़ा जिले के पाहुरनार से किया है, जहां से लगभग सात किमी 11 के व्ही लाइन, 10 किमी निम्न दाब लाइन और पांच वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। उक्त विद्युत अंधोसंरचना का आवश्यक रखरखाव एवं सुधार कार्य ओरछा वितरण केन्द्र से दूरी अधिक होने के कारण बारसूर वितरण केन्द्र के कर्मियों द्वारा किया जाएगा। चार्ज के दौरान ईडी के साथ कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी, सहायक अभियंता विनोद टंडन आदि शामिल रहे।




### ग्रामीणों की शिकायत पर ध्यान दें

*विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि वे ग्रामीणों की शिकायत पर ध्यान दें।*

# इन्द्रावती नदी के संरक्षण को लेकर सांसद व विधायक को चिंता नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की प्राणदायनी इंद्रावती नदी जो हम बस्तरवासियों की जीवनदायिनी है,नदी की संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। अनेक वर्षों से पड़ोसी प्रांत ओडिशा के लापरवाही के चलते इन्द्रावती नदी का प्रवाह कमजोर हुआ। बस्तर के किसान सिंचाई के लिए वरदान साबित हो रही इन्द्रावती के सूखने के कगार पर पहुंचने पर हाहाकार मच गया। बस्तर के किसान प्रदेश की भाजपा सरकार पर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### इंद्रावती नदी बेसिन प्राधिकरण का गठन

मोर्य ने कहा भूपेश सरकार के प्रयास से इंद्रावती नदी के संरक्षण के लिए इन्द्रावती नदी बेसिन प्राधिकरण का गठन किया। मुख्यमंत्री इस स्वयं इसके अध्यक्ष और राजीव शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार पर इंद्रावती नदी में बने जलसंकट को लेकर बस्तर के साथ खिलवाड़ करने और जनता और किसानों के बीच झूठ बोलने का आरोप लगाया है।

**खबर संक्षेप**

### सेवानिवृत्त अधीक्षक केएल नेताम को कलेक्ट्रेट परिवार ने दी भावभीनी विदाई



**कोण्डागांव।** जिला कार्यालय में पदस्थ अधीक्षक के. एल. नेताम को 42 वर्षों की उत्कृष्ट शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर आज कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होना एक भावुक और गर्व का क्षण होता है। उन्होंने श्री नेताम के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि श्री नेताम ने निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्योंं सहित कई प्रशासनिक दायित्वों का निष्ठा व जिम्मेदारी से निर्वहन किया है। कलेक्टर ने उनके स्वस्थ, सुखद और सक्रिय पारिवारिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह समय उनके लिए स्वयं और अपने परिवार के साथ नए अनुभवों को जीने का है। समारोह में श्री नेताम और उनके परिवार को स्मृति चिन्ह, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर फरसगांव में निकाली गई जागरूकता रैली



**फरसगांव।** गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष पर फरसगांव ने राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ के द्वारा रैली निकाली गई थी, जिनके लिये उम्मीद समाजिक संस्था के सदस्यों ने नगर के केवी जनरल स्टोर के सामने कोलड्रिंक व शीतल पेय की व्यवस्था की गई । रैली में शामिल लोगों को जुस पिलाया गया और अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही सभी को टोपी और टीशर्ट का वितरण भी किया गया । उम्मीद संस्था के लोगों ने कहा कि श्रमिक समाज के अभिन्न अंग हैं और किसी भी समावेशी विकास यात्रा की नींव श्रमिकों के परिश्रम पर टिकी होती है। इस दौरान उम्मीद संस्था के सदस्य फिरोज मेमन, रामकुमार भारद्वाज, भरत भारद्वाज, डिक्की जायसवाल, अब्दुल सत्तार, नरेंद्र सेठिया, दिपेन्द्र यादव, सहित अन्य मौजूद रहे।

### ग्रामीण ने अज्ञात कारणो के चलते लगाई फांसी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पण्डरीपानी निवासी 45 वर्षीय महेश कुमार देवांगन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सरंगपाल निवासी 50 वर्षीय लोकेश्वर देवांगन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्ति के लिए चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत ग्राम पंचायत अमरावती विकासखण्ड माकड़ी में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूक किया गया। उक्त अभियान के तहत किशोरी बालिका एवं महिलाओं को बालिका एवं बालक को विवाह योग्य उम्र होने के पश्चात ही विवाह करने के लिए प्रेरित किया गया तथा आत्म–रक्षा, भ्रुणहत्या, शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक कराया गया।

शिक्षा को बढ़ावा देना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के

**किशोरियों और महिलाओं को आत्म-रक्षा व अधिकारों की दी जानकारी**





सशक्तिकरण मुददो के प्रति जागरूक करने के लिए महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के लिए शपथ दिलाया गया। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन सशक्तिकरण से श्रीमती रीना सिंह ठाकुर जिला मिशन समन्वयक, श्रीमत श्रीमती माधुरी उसेण्डी जेण्डर विशेषज्ञ, श्रीमती अनुसूईया भिमर्ट सुपरवाईजर, स्थानीय किशोरी बालिका तथा महिलाएं भी उपस्थित रहे।

**तैयारी : बीज और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश**

# खरीफ सीजन की तैयारियों और कृषि योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना ने आज कृषि विभाग के कार्योंं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खरीफ फसल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बीज और खाद की उपलब्धता की जानकारी ली और किसानों को पर्याप्त बीज और खाद वितरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के जिले में प्रगति की जानकारी ली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बीज उत्पादक कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसानों की जानकारी ली। कृषि विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि इस योजना से जिले में 83 हजार 185 किसानों का पंजीयन हो चुका है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में दिया जाता है जिससे किसान कृषि कार्य को आगे बढ़ा सके। कलेक्टर ने पी एम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड की भी समीक्षा की और केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को दिलाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, जैविक कृषि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अंतर्गत सूरजमुखी की खेती पर भी चर्चा हुई।

**किसानों को प्रति हेक्टेयर 5 हजार रुपए की दी जाती है अनुदान राशि**

*कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन और तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के बारे बताया कि इसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 05 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाती है और महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही द्विफसलीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी शासन द्वारा अनुदान दी जाती है।*

## श्रमिकों को मिला वैधानिक अधिकारों का ज्ञान शोषण से बचाव के उपाय बताए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में, कोंडागांव में मजदूरों के हितों के संबंध में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय, और प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने मणि कंचन केंद्र में श्रमिकों को उनके कानूनी और सामाजिक सुरक्षा अधिकारों के बारे में जानकारी दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कानून के समक्ष सभी की समानता और श्रमिकों को शोषण से बचने के कानूनी उपायों पर प्रकाश डाला। सचिव महोदया ने भारतीय संविधान में मजदूरों के लिए निहित प्रावधानों, जैसे निश्चित कार्य घंटे और श्रम न्यायालय की स्थापना के बारे में बताया। प्रतिधारक अधिवक्ता ने बाल श्रम के निषेध, न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल और श्रमिक कल्याण योजनाओं पर जोर दिया। शिविर में नालसा द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाओं और 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी भी दी गई। बड़ी संख्या में श्रमिकों ने इस शिविर में भाग लिया, और अंत में उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित पुस्तकें वितरित की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

■ श्रमिकों को मिला वैधानिक अधिकारों का ज्ञान, शोषण से बचाव के उपाय बताए गए

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर नगर पालिक परिषद से गंगा सोनानी, रूही दास, देवली पाण्डे व अधिकार मित्र लोकेश कुमार यादव, रंजन बैध सहित समस्त श्रमिक उपस्थित रहे।

## महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में 'दीदी ई–रिक्शा सहायता योजना' एक नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

राज्य शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में दीदी ई–रिक्शा सहायता योजना एक कारगर पहल साबित हो रही है। श्रम विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत महिलाओं को ई रिक्शा के लिए एक लाख रूपए की अनुदान राशि दी जाती है।

■ श्रम विभाग की योजना से स्वरोजगार की दिशा में बढ़ा एक मजबूत कदम

श्रम अधिकारी ने बताया कि दीदी ई रिक्शा सहायता योजना के लिए 18 से 50 आयु समूह के पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक, जो भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल में न्युनतम 3 वर्षों से पंजीकृत हो वे पात्र होंगे। इस योजना के तहत राशि रू 01 लाख सहायता राशि मिलती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक से लोन प्राप्त करने सम्बन्धी दस्तावेज की ओरिजिनल स्कैन कॉपी, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस ओरिजिनल स्कैन कॉपी और नियोजक के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में स्वघोषणा प्रमाण पत्र आवश्यक है।

**बैंक से लोन प्राप्त करने सम्बन्धी दस्तावेज** – इसी प्रकार ई–रिक्शा सहायता योजना असंगठित कर्मकार मण्डल के लिए 18 से 50 आयु समूह के पंजीकृत सायकल रिक्शा चालक, ऑटो चालक अथवा पंजीकृत श्रमिकों के पंजीकृत समूह पात्र होंगे। पंजीकृत सायकल रिक्शा, ऑटो चालकों को ई–रिक्शा के लिए मंडल द्वारा अनुदान राशि रूपए 50,000 स्वयं का अंशदान राशि रूपये 10,000 एवं बकाया राशि बैंक से ऋण के माध्यम से हितग्राही द्वारा देय होगा। योजनांतर्गत बैंक से ऋण प्राप्ति का अभिलेख प्रस्तुत करने पर ही मंडल द्वारा राशि रूपये 50,000 हितग्राही को प्रदान किया जाता है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों में बैंक से लोन प्राप्त करने सम्बन्धी दस्तावेज ओरिजिनल स्कैन कॉपी, हितग्राही पंजीयन कार्ड, बैंक पासबुक कापी, ड्राइविंग लाइसेंस ओरिजिनल स्कैन कॉपी, आय प्रमाण पत्र पटवारी, सरपंच अथवा पार्षद द्वारा जारी और आधार कार्ड ओरिजिनल स्कैन कॉपी आवश्यक है। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## पुलिस ने छापेमार कार्रवाई में एक जुआरी को किया गिरफ्तार, मौके से जुआ सामग्री और नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांड़ोकीखरगांव मेला में खुड़खुड़िया जुआ खेलाते एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर थाना फरसगांव पुलिस द्वारा लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में अंकुश लगाते 30 अप्रैल को ग्राम माण्डोकी खरगांव मेला में मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे आरोपी नाम बिनेश पाण्डे पिता स्वः सुकलुप्रसाद पाण्डे उम्र 32 वर्ष निवासी डोबलापारा,थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से कुल 34000 रूपये नगदी और खुड़खुड़िया जुआ खेलाने का सामना को पत्रक गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ कृत्य छत्तीसगढ जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 की धारा 4 (क) के अन्तर्गत पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर गुरुवार को फरसगांव एसडीएम कार्यालय में पेश कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि. किशोर प्रजापति, सुरेन्द्र बघेल, प्र.आर. मुपेन्द्र मप्रआर बीना मण्डावी, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी आर घनश्याम आर प्रेमलाल मरकाम आर क संदेश सोरी आर रतीराम मण्डावी, मआर हेमेश्वरी शार्दुल मआर कौशिल्या शोरी, मआर वितावरी पाण्डे मआर महन्ती कवाची, मआर सरस्वती यादव मआर भानुप्रिया मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

■ मुखबिर की सूचना पर फरसगांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## ओडिशा की बीयर व व्हिस्की बरामद, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग अलग राज्यों की शराब की तस्करी रोकने आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी तारतम्य में नक्सल प्रभावित बुरगुम थाना क्षेत्र के बोरजा में रेड कार्रवाई करते हुए आबकारी की टीम ने हजारों रुपए कीमत की ओडिशा की बीयर व व्हिस्की बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

■ नक्सल प्रभावित बुरगुम थाना क्षेत्र के बोरजा में आबकारी की रेड

■ आरोपी को न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल

इससे पूर्व आबकारी की टीम ने लाखों रूपए की मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की बरामद कर दर्जन भर से अधिक आरोपियों को जेल भेज चुकी है। जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा बुरगुम थाना क्षेत्र के ग्राम बोरजा राउतपारा निवासी लुदद् राम यादव के मकान में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई में मकान के सामने बैठक कमरे से कार्टूनों में रखा ओडिशा प्रांत में विक्रय होने वाला 180 एमएल क्षमता वाला 39 बाटल मैक्डावल नम्बर वन व्हिस्की के अलावा 375 एमएल क्षमता वाला 20 बोतल रायल स्टेज ब्राण्ड, 180 एमएल क्षमता वाला 45 बोतल रायल स्टेज व्हिस्की, 500 एमएल क्षमता वाला 24 केनों में भरा बडवाईजर बीयर, 650 एमएल क्षमता वाला 12 बोतल किंग फिशर प्रीमियम ब्राण्ड विदेशी मदिरा बरामद किया गया। बरामद 42.42 बल्क लीटर शराब व बीयर का अनुमानित कीमत 28 हजार 990 रूपए आंका गया है। आरोपी द्वारा अपने संज्ञान में अवैध रूप से क्षमता से अधिक अन्य प्रान्त का मदिरा डंप कर विक्रय के लिए रखा गया था। आरोपी के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), 34(2), 36,59 (क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।



**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका**

नक्सल प्रभावित बोरजा में ओडिशा निर्मित अवैध व्हिस्की व बीयर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव, अंकित सिंह राठौर, सुरेश कुमार पुरैना व मुकेश कोरी के अलावा प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद सरोजिया, श्याम सुंदर केशरी, आरक्षक ललित कुमार ठाकुर, कविश यादव, शैलेष पाण्डेय के अलावा महिला नगर सैनिक संगीता धव, संगीता कश्यप व हेमराज बघेल की अहम भूमिका रही।

# पूर्वोत्तर की वनवासी बहनें बस्तर की संस्कृति से होंगी परिचित




**जगदलपुर।** शबरी कन्या आश्रम में रहकर पढ़ाई करने वाली पूर्वोत्तर राज्यों की लगभग 40 वनवासी बहनें बस्तर की जनजातीय संस्कृति और रीति-रिवाजों से परिचित होंगी। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जनजातीय समाजों को एक-दूसरे की संस्कृति से परिचित कराना, एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता और आत्मीयता का भाव जागृत करना और जनजातीय तथा गैर जनजातीय समाजों के बीच एकत्व का भाव विकसित करना है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबंध शबरी कन्या आश्रम रायपुर में अध्ययनरत पूर्वांचल की छात्राएं एवं दुर्गावती छात्रावास भानपुरी की छात्राओं का विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात भ्रमण, बस्तर की स्थानीय बोली भाषा संस्कृति की पहचान जानकारी हेतु साथ ही स्थानीय नर्सरी में गुरूवार को वन भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वनवासी विकास समिति के जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ठाकुर एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष**

**राष्ट्र के निर्माण में...**

व कई महत्वपूर्ण योजना आपके लिए बनाई गई है। इसका आप सभी अवश्य लाभ लेकर अपने और श्रमिकजनों को बतायें और श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें । शासन ने आपके हितों के रक्षा के योजनाओं का क्रियान्वयन विभाग के माध्यम से करती है। इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष रघुनाथ नागेश, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, यशवर्धन राव, महासचिव शिव शंकर कुरानी, गुलाब चंद बैस, सुमनी ठाकुर, फागूराम कश्यप, बुदरी, श्रम अधिकारी भूपेन्द्र नायक व काफी संख्या में श्रमिकजन उपस्थित थे।

**नक्सल हिंसा से...**

की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुर्रेगुट्टा में चलाया जा रहा सुरक्षा अभियान निर्णायक चरण में है। सरकार किसी भी कीमत पर नक्सल उन्मूलन अभियान को पूर्ण करेगी ताकि बस्तर के विकास को गति मिले। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद सिर्फ एक हिंसक आंदोलन नहीं, बल्कि हमारी सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति पर खतरा भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नक्सल पीड़ित परिवार के साथ सरकार खड़ी है और सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने या अभियान में बाधा डालने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में करेंगे अग्रसर** - उन्होंने कहा कि बस्तर में स्थायी शांति और समावेशी विकास ही सरकार का लक्ष्य है और यह तभी संभव है जब क्षेत्र को हिंसा और भय के साये से पूरी तरह मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि नक्सल विरोधी संघर्ष में जन-भागीदारी और जनविश्वास की शक्ति से हम निस्संदेह सफलता प्राप्त करेंगे और बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे।

**धरमपुरा के राकसमुंडा...**

वासियों द्वारा कही जा रही थी। तहसीलदार रूपेन्द्र मरकाम ने कहा गुरु गोविंद सिंह वार्ड में राकसमुण्डा तालाब एवं उसके आसपास शासकीय भूमियों का अतिक्रमण की सूचना प्राप्त हुई थी मैंने जांच हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है और 7 दिन के अंदर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। पुराने रिकॉर्ड की भी जांच होंगी।

**दस साल के...**

पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्चे के गुम होने की खबर पूरे गांव में फैल गई और उसे ढूंढने बड़ी संख्या में ग्रामीण निकल पड़े इस बीच सुखलाल का शव उसके घर से करीब एक किमी दूर जंगल में मिला। बच्चे की लाश मिलने के बाद दरभा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए रवाना किया।

**शार्ट पीएम रिपोर्ट में गले में मिला निशान-** बताया जा रहा है कि बच्चे की मौत हत्या है या हादसा दोनों एंगल से पुलिस जांच कर रही है। मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को मिले शार्ट पीएम रिपोर्ट में गले में निशान मिला है। पुलिस बच्चे के साथ आखरी समय में रहे लोगों व बच्चों से भी पूछताछ कर रही है। इसके अलावा पुलिस को पीएम व एफएसएल रिपोर्ट का भी इंतजार है। घटना के बाद एफएसएल की टीम द्वारा घटनास्थल में पहुंचकर जांच करते हुए कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी एकत्रित किया है। एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण सिंह पोटाई ने बताया कि मामले की जांच चल रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। बहरहाल बच्चे के शव मिलने से इलाके में दहशत व्याप्त है लोगों को मामले के जल्द खुलासे का इंतजार है।

**विद्यार्थियों की प्रतिभा...**

होता। शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। पूर्व महापौर सफिरा साहू ने कहा बस्तर के बच्चों में भी प्रतिभा छिपी हुई है जरूरत है तो उसे निखारने की। इस समर कैंप के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जाएगा, जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा सामने आएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया। वृद्धि पीले द्वारा सरस्वती वंदना गीत गया गया। संस्था के संचालक धीरज कश्यप ने बताया नई उड़ान संस्था द्वारा विगत चार वर्षों से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के बच्चे बढ़ चढ़ कर का हिस्सा लेते हैं। शिविर का संचालन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। नई उड़ान समर कैंप हर वर्ष बच्चों की प्रतिभा निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, श्वेता बघेल, राकेश तिवारी, रोशन झा, अखिलेश शुक्ला, राम कुमार, सुलता महाराणा, लता कपूर, सविता देवांगन, भावेश निषाद, पूर्णिमा सरोज, शिव शंकर पिल्ले सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कविता बिजोलिया ने किया।

**इन्द्रावती नदी के...**

इन्द्रावती नदी संरक्षण को लेकर और ओडिशा सरकार से हस्तक्षेप कर पानी का प्रवाह बस्तर की ओर बढ़ाने लगातार ध्यानाकर्षण कराया गया। बस्तर के किसान प्राणदायनी की रक्षा के लिए पदयात्रा और कलेक्टरेट का घेराव करने पर बाध्य होना पड़ा। उक्त बातें शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मोर्य ने कही। राजीव भवन में गुरुवार को प्रेसवार्ता में कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष मोर्य ने कहा किसानों के इस अधिकार की लड़ाई को गम्भीरता हमारे प्रदेश कांग्रेस कनेटी अध्यक्ष दीपज बैज ने ली,और इस भीषण गर्मी में किसानों के साथ पूरे 3 दिनों तक पदयात्रा कर कलेक्टरेट घेराव में प्रमुख योगदान दिया। प्रेसवार्ता को पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंग गैदु ने भी इन्द्रावती नदी को लेकर भाजपा प्रदेश सरकार की उदासीन नीति का खुलासा किया। प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला व अन्य पदाधिकारी पार्षदगण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने पर शिक्षक संघ ने माना आभार

**गीदम।** बरसों से प्रतीक्षित प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग के भारसाधक मंत्री सह



मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव का, संचालक लोक शिक्षण का आभार माना है। उक्त जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि 2013 के बाद प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई थी, सैकड़ों शिक्षक लगातार पदोन्नति की बाट जोहते रिटायर हो रहे थे, प्रदेश के 80 प्रतिशत विद्यालय प्राचार्य विहीन थे, पदोन्नति से शासन पर वित्तीय भर अत्यल्प था, शिक्षा में गुणवत्ता और अनुशासन प्रभावित हो रहा था, शिक्षकों में रोष फैल रहा था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए संस्था प्रमुख का पद आवश्यक है। शिक्षक संघ ने विभिन्न मंचों पर शासन, प्रशासन के समक्ष वार्ता, संवाद, पत्राचार से शासन का ध्यान आकृष्ट कर रहा था। नई सरकार आने पर शिक्षक संघ ने पूरे राज्य के प्रांतीय पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री से उनके निवास में ही प्राचार्य पदोन्नति के लिए विस्तृत चर्चा कर समाधान हेतु आग्रह किया था।

### कक्षा 6वीं से 8वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा

# माध्यमिक शाला कुड़कानार में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड/घाटलोहंगा

बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने समस्त छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों की उपस्थिति में घोषित किया। जिसमें कक्षा छठवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, कक्षा 7वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत तथा 8वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

■ छात्र-छात्राओं को ट्राफी एवं मेडल देकर किया सम्मानित



शाला के परीक्षा प्रभारी नीरज कुमार कुन्जाम ने बताया कि शाला में कुल 115 छात्र-छात्रा में से सभी छात्र छात्राएँ उत्तीर्ण हुए। कक्षा 8वीं में 89.17 प्रतिशत के साथ ज्योति कश्यप प्रथम, 86.33 प्रतिशत रानु नाग द्वितीय स्थान पर तथा 86 प्रतिशत के साथ हंशिका ठाकुर तृतीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार कक्षा 7वीं में 87 प्रतिशत के साथ अनिल बघेल प्रथम, 86.66 प्रतिशत के साथ सुभान्शु कश्यप द्वितीय तथा 86.33 प्रतिशत के साथ सरस्वती बघेल तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 6वीं मे 89.66 प्रतिशत के साथ गंगोत्री बघेल प्रथम, 86 प्रतिशत खेमा मौर्य द्वितीय तथा 85.33 प्रतिशत आरव बघेल तृतीय स्थान पर रहे। प्रत्येक कक्षा के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को ट्राफी एवं मेडल के देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित करने के पश्चात प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने समस्त छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

आज घोषित परीक्षा परिणाम के अवसर पर सामो कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत कुड़कानार, हेमनाथ पटेल उप सरपंच, बीएच भुवनेश्वर ठाकुर, धनसाय बघेल, पीलू राम कश्यप, गुप्ति बघेल, गौरी बघेल, गोंची मौर्य, सुदंती बघेल, गुडिया नाग, शिक्षक-शिक्षिकाओं में ममता ठाकुर, आभा प्रिती एक्का, फूल सिंह यादव, शिल्पा शार्वा उपस्थित थे।

## अधिक से अधिक पेड़ लगाकर संरक्षण करना हमारा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा



भारत स्काउट्स एवं गाइडस छत्तीसगढ़ के बैनर तले जिला संघ बस्तर द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे, जिला आयुक्त स्काउट बीआर बघेल जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार एवं लिलेश कुमार देवांगन जिला सचिव एवं दसरु राम यादव डीओसी स्काउट के मार्गदर्शन में ग्राम घाटलोहंगा और गुच्चागुडा पारा कुदालगांव में भारत स्काउट्स एवं गाइडस के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती मनाई गई।

शाउमावि घाटलोहंगा के स्काउट्स एवं गाइडस ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर जागरूकता हेतु साइकिल सन्देश रैली का आयोजन किया रैली शाउमावि घाटलोहंगा से पुजारीपारा, ब्राम्हण पारा होते हुए गुच्चागुड़ा पारा होते हुए मेन रोड स्थित बस्तर हाट से गुजरते हुए खासपारा पंचायत भवन घाटलोहंगा होकर वापस शाउमावि घाटलोहंगा में समाप्त हुआ। रैली से पूर्व ग्राम प्रमुख सरपंच दिया भद्रे, उपसरपंच यमुना प्रसाद तिवारी, पूर्व सरपंच डमरू बघेल, जिला सचिव लिलेश देवांगन, पूर्व जिला सचिव मनोज महापात्र, गाइडर जयंती लोहाना, पंच आरावती तिवारी, पार्वती बघेल, फूलसिंह एवं पत्रकार तुलसी ठाकुर एवं अन्य ग्रामीणजन समस्त स्काउट्स एवं गाइडस उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। आभार मनोज महापात्र द्वारा किया गया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा



जिला सुकमा के एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत मोहन सिंह बघेल आज 37 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा उनके पेंशन प्रकरण में त्वरित कार्रवाई कर पीपीओ पेंशन भुगतान आदेश जारी किया गया। कलेक्टर ने श्री बघेल को साल व श्रीफल भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर शरतचन्द्र शुक्ला, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा सहित मुकेश कुमार मिश्रा, बीआर बघेल, बीएल बेलेकर, एमएन नामदेव, एसपी नेताम, एमके नाग, राधा कश्यप एवं कोमलदेव मरकाम सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री बघेल के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## संतोषी का नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की एथलेटिक्स खिलाड़ी संतोषी भण्डारी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण एसएआई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एनसीओई भोपाल के लिए किया गया है। यह चयन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 24 अप्रैल को जारी की गई चयन सूची के आधार पर हुआ है, जिसमें देशभर की 10 बालिका एथलीट्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।

संतोषी भण्डारी सूची में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं, जो बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बीजापुर की छात्रा हैं। उन्होंने हाल ही में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 11 से 14 जनवरी तक रांची झारखंड में आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स में 400 मीटर और 600 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 400 मीटर में 1:02 मिनट और 600 मीटर में 1:41 मिनट का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 35वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप जो 4 से 6 अक्टूबर 2024 को नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित हुई थी उसमें उन्होंने 4वां स्थान प्राप्त किया था। भारतीय खेल प्राधिकरण हर वर्ष देशभर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें एनसीओई में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और डाइट की सुविधा प्रदान करता है। संतोषी भण्डारी के इस उपलब्धि पर बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने उन्हें स्पोर्ट्स किट भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी एनपी गवेल सहित कोच संदीप गुप्ता उपस्थित रहे। बीजापुर जिले के लिए यह गौरव की बात है कि यहां की एक बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है।

## सुशासन तिहार में मिली शौचालय की स्वीकृति, लाभार्थियों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



सुशासन तिहार के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जांगला निवासी सन्नी लेकाम द्वारा व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया था। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभाग द्वारा तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई।

सन्नी लेकाम ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह वास्तव में जनहित में तत्पर शासन की भावना को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनके परिवार को बहुत सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में माटवाड़ा की तुलसी को भी सुशासन तिहार के दौरान शौचालय की सुविधा स्वीकृत की गई। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। जिला प्रशासन की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया है।

## सेवानिवृत शिक्षक को छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा



दरभा विकासखंड के लेंड्रा प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक चित्तरंजन विश्वास को गांव ने भावभीनी विदाई दी। 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए चित्तरंजन विश्वास के सम्मान में विद्यालय के शिक्षकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इसकी सूचना पर गांव के लोग भी जुट गए।

छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ शिक्षक का जुलूस निकाला। हर घर से लोग इस समारोह में शामिल हुए। गांव की महिलाओं ने शिक्षक को तिलक लगाकर और गले लगाकर आशीर्वाद दिया। वहीं उनके पूर्व छात्रों ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। शिक्षक ने भी बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस भावुक पल में चित्तरंजन विश्वास की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने शिक्षक की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की और उन्होंने कहा कि चित्तरंजन विश्वास शिक्षक के रूप में इस लेंड्रा विद्यालय में 1987 को पदस्थ हुए थे, 38 साल इस गांव के विद्यालय में सेवा दी। हमेशा ईमानदारी से काम किया। नियमित रूप से विद्यालय आते थे। उन्होंने बच्चों को हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी।

इनके पढाएं हुए छात्र-छात्राएं आज बड़े-बड़े पोस्ट में नौकरी कर रहें है। विदाई समारोह शिक्षा जगत के लिए एक मिसाल बन गया है। ग्रामीणों का मानना है कि यह सम्मान युवाओं को प्रेरित करेगा कि वे भी ग्रामीणों ने ससम्मान सेवा निवृत्त शिक्षक को उनके निवास तक पहुंचाया।

## कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समस्त विभागों के समीक्षा बैठक लेने के क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर कुपोषण उन्मूलन एप्प पोषण ट्रैकर के माध्यम से लगातार पोषण सेवा वितरण की निगरानी और ट्रैकिंग करना सुनिश्चित करें। क्योंकि अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान मुझे पोषण ट्रैकर में दर्ज डेटा ही मान्य होगी। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक इस तथ्य के संबंध में विशेष ताकीद करें। गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पोषण आहार के अतिरिक्त क्षेत्र के अनुरूप पौष्टिक परंपरागत भोजन के लिए भी महिलाओं को जागरूक करें। उन्होंने ने यह भी कहा कि आगामी सुशासन शिविर के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिक से अधिक नवजात बच्चियों के बैंक खाते खोले जाने को प्राथमिकता देवें। छत्तीसगढ़ महिला ऋणकोष तथा सक्षम योजना के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा कहा गया कि प्रत्येक परियोजना में इसके लिए लक्ष्य निर्धारण कर महिला समूह को चिन्हांकित करके उन्हें आजीविका गतिविधि से जोड़कर जोड़े जाएं। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत हाट बाजारों, यूनिसेफ टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान किशोरी बालिकाओं की रैली, पोस्टर एवं दीवार राइटिंग, बालिकाओं की निबंध प्रतियोगिता, नियमित रूप से चलाएं जाएं। महतारी वंदन योजना अंतर्गत उन्होंने तकनीकी त्रुटियों के कारण लाभ से वंचित हितग्राहियों के लिए उनके प्रकरणों को तुरन्त हल करने के भी निर्देश बैठक में दिए।

## कृषि व पशुपालन के आधुनिक तकनीक से बदलेगा जीवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा



जिला प्रशासन सुकमा द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था क़ायम रखने और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से आत्मसमर्पण करने वाले पूर्व माओवादियों को मुख्यधारा में लाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। नक्सल पुनर्वास नीति के तहत इन युवाओं को कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा में कृषि की आधुनिक तकनीकों तथा पशुपालन के नवीन और उत्पादक तरीकों का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रिप इरिगेशन, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खेती, सब्जी उत्पादन, डेयरी पालन, मुर्गी पालन और मत्स्य पालन जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है। साथ ही उद्यमिता विकास के लिए वित्तीय साक्षरता और लघु उद्यम स्थापित करने की प्रक्रिया भी सिखाई जा रही है।

■ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिल रहा प्रशिक्षण

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि पूर्व माओवादियों को मुख्यधारा में जोड़ना सिर्फ पुनर्वास नहीं, बल्कि एक नवजीवन की शुरुआत है। हमारा प्रयास है कि ये युवा स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। आरसेटी के माध्यम से उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और वे समाज की मुख्य धारा में शामिल होंगे।

लाइवलीहुड कॉलेज के नोडल अधिकारी सुश्री मधु तेता ने बताया कि 20 आत्मसमर्पित माओवादियों को कृषि एवं पशुपालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण 3 माह तक चलेगा। इसके पश्चात सिलाई मशीन और मोटर ड्राइविंग का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



## अस्थायी नाका लगाकर राहगीरों से चंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

बचेली से सटे लगभग हर गांव में आम पंडुम मनाया जा रहा हैं। आदिवासी प्रकृति के पूजक होते हैं और आम का फल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करता हैं। इसलिए ग्रामीण हर साल आम का त्यौहार मनाते हैं,पेड़ों की पूजा करते हैं। क्षेत्रीय ग्राम देवी-देवताओं की आराधना करते हैं तथा पूर्वजों को याद करते हैं।

आज बचेली से सटे पाढ़ापुर ग्राम में अस्थायी नाका लगाकर ग्रामीणों द्वारा राहगीरों से चंदा लिया गया। चंदे के पैसे का उपयोग पूजन सामग्री सहित त्यौहार में अन्य जरुरत के सामान लाने के लिए करते हैं। पाड़ापुर ग्राम के ग्रामीण हूंगा कुंजाम, अजय मरकाम, हेमला कवासी का कहना हैं कि बिना पूजा पाठ के पेड़ों से आम तोड़ना वर्जित हैं। यदि कोई ऐसा करते हुए पाया जाता हैं तो उस पर गाँव के लोग दंडुम यानि जुर्माना लगाते हैं। ऐसा पहले लगा चुके हैं, इसलिए पूजा से पहले गांव के लोग न आम तोड़ते हैं न ही तोड़ने देते हैं।

इनका कहना यें भी हैं कि आम पंडूम या आम तिहार पितरो को याद करने का भी पर्व हैं, जिन्होंने आम के पौधे लगाए हैं। आदिवासी ग्रामीण अपने पितरो को तर्पण देते हैं, यह परम्परा सालो से चली आ रही हैं।

## हारम में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम



गीदम ब्लॉक के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला व प्राथमिक शाला माधोपारा हारम में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गीदम उपाध्यक्ष दिनेश कौशल व उप सरपंच हारम भीम नाग उपस्थित रहे।

अतिथियों के द्वारा कक्षा 1ली से 7वी तक के सभी छात्रों को अंकसूची प्रदान की गई व कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार के रूप में कलम व बॉटल भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश कौशल द्वारा शाला में बाउंड्रीवाल, बरामदा, खेल मैदान, पोषण वाटिका, कला मंच निर्माण हेतु आवश्यक पहल करने की बात कहीं। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, संकुल समन्वयक बसन्त पाल, प्रधान पाठक श्रीमती रंजीता नाग व सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें। इस दौरान कक्षा दूसरी व तीसरी के बच्चों को अंकसूची वितरित नहीं की गई। जिससे वे बच्चे मायूस हो गए। इस मामले में जब जनपद सभापति शिक्षा विभाग के द्वारा दूसरी और तीसरी कक्षाओं की अंकसूची वितरण की बात कही गई तो शिक्षकों के द्वारा उच्च कार्यालय से अंक सूची अप्राप्त होने की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही बच्चों को अंकसूची देने व इस तरह का कृत्य दोबारा न होने का निर्देश दिया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा इलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### इन्द्रावती बचाओ संघर्ष समिति ने माना आभार



**जगदलपुर।** इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के सचिव सुभाष कश्यप ने किसानों की मुख्य मांगों को लेकर पदयात्रा में समर्थन सभी समाज प्रमुखों राजनीति दल के सभी राजनीतिक का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन मिला। जो इन्द्रावती नदी से प्रभावित किसानों को मुआवजा व केसीसी ऋण माफ जर्जर एनीकेटों का तत्काल मरम्मत करने की मांग लेकर 40 किलोमीटर तक पदयात्रा किया गया। जिसमें समिलित सभी किसानों व समाज प्रमुखों राजनीति दलों के नेताओं का आभार व्यक्त करती है, इस मुहिम में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी सामने आ कर किसानों के साथ दमदम से कदम मिलाकर साथ चली है, उन्हें भी पुनः इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर आभार व्यक्त करती है।

### ईश्वराम्मा सप्ताह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जगदलपुर।** श्री सत्य साईं सेवा समिति जगदलपुर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईश्वराम्मा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जो 30 अप्रैल से 6 मई तक संचालित हो रही है। बुधवार की संध्या कार्यक्रम के अंतर्गत वेद, प्रवचन एवं बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाल विकास श्री सत्य साईं सेवा संगठन में बच्चों को मानवीय मूल्य एवं आध्यात्मिक ज्ञान का विकास कर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मानवीय मूल्य पर ही आधारित किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सहर्ष भाग लिया एवं श्रद्धालु शामिल रहे।

## कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संभाग के सभी कलेक्टर्स की ली बैठक

# सुशासन तिहार के आवेदन पत्रों का करें गुणवत्तापूर्ण निराकरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन तिहार में आम जनता से प्राप्त समस्या-शिकायत सम्बन्धी आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण करें। इस दिशा में आवेदन पत्रों का परीक्षण कर सम्बन्धित विभागों एवं कार्यालयों को भेजी जाए और मांगों के निराकरण को भी यथासंभव जरूरत के अनुरूप प्राथमिकता देवें। साथ ही निराकरण स्थिति के बारे में आवेदक को सूचना दी जाए। स्कूली बच्चों के रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 5 से 20 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जाए, जिसमें शाला त्यागी बच्चों को अवश्य शामिल करें, ताकि उक्त ड्राप आउट बच्चे स्कूल से पुनः जुड़ने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। कमिश्नर गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संभाग के सभी कलेक्टर्स को चैपाल में आम जनता से भेंट एवं फीडबैक के आधार पर कार्यवाही सहित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों के आयोजन तैयारी की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए।

- **शाला त्यागी बच्चों को समर कैंप में शामिल करने से मिलेगा प्रोत्साहन**

कमिश्नर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों को आम जनता की सुविधा के मद्देनजर कलस्टर में आयोजित करने सहित आश्रित ग्राम पंचायतों के अनुसार उपयुक्त शिविर स्थल, शिविर प्रभारी इत्यादि व्यवस्था को सुनिश्चित करने कहा। साथ ही समाधान शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर अवश्य आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराने कहा। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में भी नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित समस्या-शिकायतों के निवारण पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने चौपाल के तहत एक दिन में एक ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की आवश्यकता का आंकलन करने सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए पहल किए जाने कहा। साथ ही सम्बन्धित ब्लॉक मुख्यालय में बैठक लेकर सभी चैपाल नोडल अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर हरिश एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक एवं गीता रायस्त और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में ग्राम विकास तैयार करें

कमिश्नर ने कलेक्टर्स से नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में स्थापित नवीन कैम्पों के 10 किलोमीटर परिधि में अवस्थित सभी ग्रामों का सर्वेक्षण जल्द पूर्ण कर ग्राम विकास योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन ग्रामों के समग्र विकास के लिए सभी मूलभूत आवश्यकताओं सहित ग्रामीणों को पात्रता के आधार पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से सेचुरेशन करने पर ध्यान केंद्रीत किए जाने के निर्देश दिए।

### समर कैम्प में अधिकाधिक बच्चों की हो सहभागिता

कमिश्नर ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों की सुविधा के अनुरूप समर कैंप आयोजन कर इन बच्चों को चित्रकला, शिल्पकलाओं, खेलकूद इत्यादि रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा। समर कैंप में शाला त्यागी बच्चों को अनिवार्य रूप से शामिल कर उन्हें स्कूल से पुनः जोड़ने पर ज्यादा फोकस करें। उन्होंने समर कैंप के आयोजन में शिक्षा से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लेने भी कहा।

### एसडीएम एवं तहसीलदार करें निरीक्षण

कमिश्नर ने समर कैंप के लिए आवश्यक व्यवस्था समग्र शिक्षा तथा स्थानीय पंचायतों के द्वारा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। समर कैंप के सुचारू संचालन हेतु शिक्षा विभाग सहित समग्र शिक्षा के मैदानी अमले को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपने कहा। वहीं सम्बन्धित एसडीएम एवं तहसीलदारों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए, जिसके तहत जेल, अस्पताल सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी कलेक्टर्स ने अपने जिले में सुशासन तिहार के अन्तर्गत आवेदन पत्रों के निराकरण और सामाधान शिविर आयोजन तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

## पदयात्रा के नाम पर कांग्रेस कर रही ढोंग : कश्यप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

इंद्रावती नदी जल संकट का झूठा ढोंग कर कांग्रेस ढोंगी पदयात्रा का आयोजन कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। यह बातें सांसद महेश कश्यप ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है। सांसद ने कहा कि 5 साल सत्ता में बैठे पीसीसी चीफ दीपक बैज को बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी की तनिक भी चिंता नही हुई है। अगर इंद्रावती नदी के बारे में अपने कार्यकाल में सोच लेते तो आज यह स्थिति उतपन्न नही होती। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी सहित जनता की हर समस्याओं को दूर करने में डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। इंद्रावती नदी को वापस स्वरूप में लाने भाजपा सरकार के हर एक जनप्रतिनिधि ततपरता से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री केदार कश्यप के द्वारा लगातार इस ओर कार्ययोजना तैयार की गई है। कांग्रेस सिर्फ राज करने की नीति पर ही कार्य करती है। इंद्रावती नदी को वापस स्वरूप में लाने की ओर हम लगातार कार्य कर रहे है। जो कांग्रेस को नही पच रही हैं। झूठा भ्रम फैलाकर ढोंग पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस श्रेय लेने का कार्य कर रही हैं। जनता को सभी चीजें पता है कौन इस ओर कार्य कर रहा है और कौन सिर्फ राजनीति स्टंट कर रहा है।

- **5 साल के कार्यकाल में कांग्रेस ने इंद्रावती के लिए कुछ नही किया**





## शिक्षक-अभिभावक मीटिंग का होना जरूरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं के अभिभावक एवं प्राध्यापक बबीता दीवान, तहसीन सुल्ताना, डॉ योगेंद्र मोती वाला, डॉ गुलाब साहू, डॉ प्रिंसी दुग्गा, सुश्री ज्योति त्रिपाठी, वैष्णवी मण्डावी, शबाना बेगम, डॉ आशीष दीवान, डॉ प्रियंका शुक्ला, सुश्री पद्मिनी ठाकुर, सुश्री जिविदा कोसले, मनीषा नायडू, डॉ तृप्ति खनंग , डॉ बिन्दु साहू और डॉ हेमलता मिंज उपस्थित रहे। बबीता दीवान ने सभा को संबोधित करते कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों का आपस में संपर्क बना रहे इसीलिए शिक्षक अभिभावक मीटिंग का होना अत्यंत आवश्यक है, इससे छात्राओं के सतत विकास में सहायता मिलती है तथा उनकी समस्याओं के बारे में जाना जाता है। डॉ मोती वाला ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। उपस्थित अभिभावकों से प्राध्यापकों ने खुलकर बातचीत की तथा उनकी बेटियों की पढ़ाई के बारे में विस्तार से जाना।

- **महिला महाविद्यालय में पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन**

## कर्मचारियों की पदयात्रा को आप ने दिया समर्थन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत शासकीय छात्रावासों में नियुक्त चतुर्थवर्ग कर्मचारियों का महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण वे भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव तरुणा साबे ने विभाग और राज्य सरकार से अविलंब वेतन और श्रम सम्मान राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही साथ इन कर्मचारियों के वेतन निर्धारण हेतु सकारात्मक कदम उठाने सरकार से अपील की है। बस्तर शहर जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा है की बस्तर जिले में आदिवासी विकास विभाग द्वारा कार्यरत जल वाहक, स्वीपर, रसोईया, चपरासी, चौकीदार जैसे चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिला है। जगदलपुर से रायपुर तक पदयात्रा का रुख अपनाया जिसका आम आदमी पार्टी समर्थन करती है।

साबे ने मांग की कि सरकार तुरंत आदेश जारी कर सभी लंबित वेतन और श्रम सम्मान राशि का भुगतान व वेतन का निर्धारण सुनिश्चित करे। यदि सरकार शीघ्र इस पर ध्यान नहीं देती है, तो आम आदमी पार्टी कर्मचारियों के हक के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

## राजहरा में होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे बस्तर के खिलाड़ी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में म्यू थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 9 से 14 जून तक रोहतक (हरियाणा) में होगा।

- **आज से 2 दिन का चैंपियनशिप शुरू होगा**

राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छ ग म्यू थाई दल के चयन हेतु ओपन एयर थिएटर, दल्लीराजहरा जिला बालोद में 2 से 3 मई को होगा।

3 मई शनिवार के शाम 6 बजे पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव करेंगे।

चयन प्रतियोगिता में अम्बिकापुर, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर चाम्पा, दंतेवाड़ा, कोरबा, मुंगेली एवँ रायपुर जिले के लगभग 175 खिलाड़ी, भाग ले रहे हैं जिसमे आयु व वजन वर्ग अनुसार लगभग 70 सदस्यीय दल चुना जाएगा जो रोहतक में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा।

राज्य प्रतियोगिता में बस्तर के 30 खिलाड़ियों के दल की घोषणा जिला संघ के सचिव अब्दुल मोईम द्वारा महिला कोच सुमन राव, सोनाली कुशवाह कोच नवीन ठाकुर के सहयोग से की गई जिसमे 17 बालिका कु,आरवी अवस्थी, कु, अन्वी जैन, कु, वन्दना गोयल, कु,शानिका मिश्रा, कु, तमन्ना कश्यप, कु, वेदानशी ठाकुर, कु, सुरभी यादव, कु, प्रतिमा बघेल, कु, गरिमा नाग, कु, भुनेश्वरी महवर, कु, वंशिका बंछोर, कु, गीताक्षि श्रीवास, कु, दीपिका कश्यप, कु, योगनशी नाग कु, खुशबू कश्यप कु, अन्वेशा मिश्रा एवँ 13 बालक खिलाड़ी वुककेम विक्टर, विवान बाजपाई, मनन झवर, कल्पेश सोरी, आदित्या युराज नाग, फलेंद्र मौर्या, एलेक्स कुमार, ओम कुमार नुप्पो, निर्मल मरकाम, दिवंश दिहरी, शुभम बिश्वास, युवराज सिंह, मनोज कुमार नरेटी, हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मां दंतेश्वरी के दर्शन कर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण देव 1 मई को मां दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा पहुंचे। विधायक चैतराम अटामी एवं जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने प्रदेशाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। किरण देव, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओ के साथ बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे, देवी दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिया। दर्शन के उपरांत नगर पालिका कार्यालय परिसर के सामने पहुंचे एवं नव-निर्मित आईएनएस कार्यालय का उद्घाटन किया व पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए एवं संगठन के कार्यों की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान रामबाबू गौतम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दुर्गा सिंह चौहान, आरसी नहक, कमला विनय नाग, सुनीता भास्कर, रामु नेताम, श्रवण कड़ती, जय भंसाली, रूबी शैलेन्द्र सिंह, कुलदीप ठाकुर, ममता गुप्ता, रवि भदौरिया, सिंघासन गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, सुधराम भास्कर, सुमित सरकार, विमला नाग आदि समेत जिला एवं मण्डल पदाधिकारीगण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधिगण, कार्यसमिति सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## महापौर व राजस्व सभापति के मार्गदर्शन पर जुटा अमला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देश एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व एवं जिला प्रशासन,निगम प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में जो नाली के ऊपर व्यवसायियों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान का सामान बाहर रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। दुकानदार दुकान सीमा से बाहर सड़क पर बोर्ड लगाया जा रहा है, उसे हटाने लिए सभी व्यापारियों से अनुरोध किया जा रहा है। अतिक्रमण कि कार्रवाई से पूर्व नाली के ऊपर से अपने सामान हटाने की समझाइस दी जा रही है, जिन्होंने सामान नहीं हटाया उनके ऊपर कारवाई सतत निगम द्वारा किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त पर गोदावरी को दी विदाई



**जगदलपुर।** हाऊसिंग बोर्ड कार्यालय में पदस्थ भृत्य गोदावरी बाई को 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विदाई दी। इस अवसर पर बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा, उप आयुक्त जीपी प्रजापिता, कार्यपालन अभियंता एमके सोम, इलेक्टॉनिक के कार्यपालन अभियंता केके कश्यप, एसडीओ केयूर वैद्य, अन्य अधिकारी में शेफाली डेनियल सहित अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## अन्दरूनी क्षेत्र में बस चलने से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

भारतीय जनता पार्टी के नेता व ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का अहम फैसला लिया है, सरकार के इस निर्णय से 2621 बर्खास्त शिक्षकों को फिर से नौकरी मिल सकेगी। डबल इंजन की सरकार से देश उत्तरोत्तर उन्नति के रास्ते पर अग्रसर है वहीं प्रदेश में साय सरकार के कुशल नेतृत्व में शहरी विकास के साथ गांव खेत खलियान, किसानों के लिए बनी योजनाओ ने गांव की ग्रामीण किसानों को नए विश्वासों से भर दिया है। कश्यप ने कहा कि कैबिनेट की महत्वपूर्ण फैसले से अब रेगहा, बोनी, लीज, जुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों को लाभ देने कृषक उन्नति योजना संशोधित इस योजना में आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा वहीं सुदूर अनुसूचित जाति एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां परिवहन की सेवा सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां अब मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सर्विस का लाभ आम ग्रामीण जनता को मिलेगा।



## जिलाध्यक्ष अर्पित एवं सचिव बने शक्ति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जगदलपुर की बैठक संघ कार्यालय में बुधवार की शाम को हुई। सर्व प्रथम भारत माता की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद परिषद के बस्तर जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति अधिवक्ता परिषद प्रदेश अध्यक्ष झंरना बांगर सिंह के द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक यज्ञ सिंह की उपस्थिति में की गई। इसमें जिला अध्यक्ष अर्पित मिश्रा, उपाध्यक्ष साक्षी रामटेके, उमेश सिंह ठाकुर, सचिव शक्ति सिंह व कोषाध्यक्ष कौस्तुभ ठाकुर, स्टडी सर्कल प्रमुख लोकेश पटेल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया। बैठक अधिवक्ता परिषद के प्रदेशाध्यक्ष झरना बांगर ने समस्त नव नियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी तथा अपने अधिवक्ता परिषद की कार्यो से समाज में लाभ पहुंचाने की बात की। वरिष्ठ अधिवक्ता और ईश्वर राव ने भी कानून के क्षेत्र में समाज को जागरूक करने और उनके आवश्यकताओं को पूर्ति करने में परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के संभाग अध्यक्ष सपन देवांगन ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भारतीय न्यायिक प्रणाली में सुधार की वकालत करता है, जो हिंदू परंपराओं के अनुरूप हो। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के आरती दुआ, श्रीनिवास रथ,प्रतिमा राय, सावित्री बघेल,राजेश्वरी वर्मा, सोनम राजपुत, इंद्रजीत सेठिया, चित्रा सिंह, अदिति रावत, सुरेखा मरकाम, संजना पाणिग्राही, सौरभ चौरसिया, लोकेश पटेल, गेशु पाणीग्राही एवं अन्य उपस्थित थे।



**अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का गठन**

## योग शिविर सभी वार्डों में किया जाएगा : सुरेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

पूज्य सिंधु समाज भवन में 10 दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर के समापन अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। गुप्ता ने डॉ पाणिग्राही कक भरोसा देते कहा कि योग अब शहर नियमित रूप से संचालित हो इस पर प्रयास करेंगे। साथ ही शहर के सभी 45 वार्ड में योग शिविर बारह महीनों निरन्तर चले इस पर पार्षदो से चर्चा कर शीघ्र ही इस पर कार्य किया जाएगा। साथ भाजपा सचेतक व पार्षद हरीश पारख ने कहा की सिंधु समाज के तर्ज पर सभी वार्डों और समाजों में भी ऐसे योग शिविरों का आयोजन के लिए पतंजलि योग समिति का सहयोग किया जावेगा। 10 दिवसीय योग शिविर का संचालन प्रदेश अध्यक्ष पतंजलि योग समिति डॉ मनोज पानीग्राही द्वारा किया गया। वहीं मान कोरम व रेखा परमार द्वारा पंचकर्म जलनेती, कर्णपूरण, मिट्टीपट्टी, नस्य आदि का अभ्यास कराया।

- **सिंधु भवन में प्रतिदिन नि :शुल्क योग कक्षा प्रारंभ**



सिन्धी समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, उधराम मूलचंदानी, गोवर्धन दास नवतानी, संजय नात्थानी, सुनील दंडवानी, हरेश नागवानी, बृजलाल नागवानी, राजेश दूल्हानी, डुला लछवानी,अनिल हासानी, डाक्टर टी सी आडवाणी, विजय बसंतवानी, कैलाश दंडवाणी समेत अन्य ने कहा सिंधु भवन में प्रतिदिन प्रातः 6- 7 बजे किया जावेगा, जिसमें कोई भी व्यक्ति निःशुल्क नियमित योग कर सकता है।

शिविर में विशेष सहयोग इल्ला हरी प्रसाद राव, जिला प्रभारी, बस्तर जिला मान कोरम,राज्य कार्य कारिणी सदस्य महिला पतंजलि योग समिति उमेश कुमार सोनी, राज्य संगठन मंत्री युवा भारत व पतंजलि परिवार के योग साधको का रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को इस्मृति चिन्ह दे कर सम्मान किया। पूज्य सिंधी पंचायत, जगदलपुर के तरफ से आभार बृज नागवानी ने किया।

